इस प्रश्न-पुस्तिका की सील तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए

इस पुस्तिका में 16 पृष्ठ हैं। | This Booklet contains 16 pages.

सीरीज / Series

# SAKS–2016

**A**

प्रश्न-पुस्तिका संख्या
**Question Booklet No.**
4180389

अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in digits)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words)

निर्धारित समय : 1 घण्टा
Time Allowed : 1 hour

अधिकतम अंक : 40
Maximum Marks : 40

**प्रश्नों के उत्तर देने के लिए केवल काले बॉल-प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें।**
**Use Black Ballpoint pen only for marking the responses.**

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
Candidate must read all the instructions carefully before marking the responses.

आपको प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं।
You have to mark your answers on Answer-Sheet only.

परीक्षा के उपरान्त उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक को लौटा दें।
After the examination is over, hand over the Answer-Sheet to the Invigilator.

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल 80 प्रश्न हैं, जिनमें निम्नलिखित तीन भाग हैं :

| | | |
|---|---|---|
| भाग–1 : | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | (40 प्रश्न) |
| भाग–2 : | सामान्य बुद्धि परीक्षण | (20 प्रश्न) |
| भाग–3 : | सामान्य जानकारी | (20 प्रश्न) |

3. OMR उत्तर-पत्रक पर दिए गए स्थान पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, पंजीकरण संख्या, वर्ग, प्रश्न-पुस्तिका संख्या, परीक्षा केन्द्र कोड, प्रश्न-पुस्तिका सीरीज, जन्म-तिथि तथा लिंग अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। यथा सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए जैसा कि नीचे दिखाया गया है उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर काले बॉल-प्वाइंट पेन से पूरा काला कर दें। एक से अधिक उत्तर/विकल्प देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा एवं उसे जाँचा नहीं जाएगा।

   उदाहरण : ● ○ ○ ○
5. रफ़ कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही करें।
6. उत्तर-पत्रक पर किसी प्रकार के संशोधन हेतु व्हाइटनर या ब्लेड आदि के प्रयोग की अनुमति नहीं है।
7. इलेक्ट्रॉनिक कैल्कुलेटर और मोबाइल आदि का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. परीक्षा समाप्ति के पश्चात् आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका को ले जा सकते हैं।
9. कोई नकारात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. This Question Booklet contains 80 questions in all comprising the following three parts :

| | | |
|---|---|---|
| Part–1 : | Comprehension and Writing Ability in Hindi | (40 questions) |
| Part–2 : | General Intelligence Test | (20 questions) |
| Part–3 : | General Awareness | (20 questions) |

3. The candidate should indicate the correct Roll Number, Registration No., Category, Question Booklet No., Exam Centre Code, Question Booklet Series, Date of Birth and Sex on the OMR Answer-Sheet otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate
4. Each question has four alternative answers. The candidate has to darken only one circle/bubble on the Answer-Sheet using black ballpoint pen indicating the correct answer as shown. If more than one answer/option is found darkened, then the question will be treated wrong and will not be evaluated.

   Example : ● ○ ○ ○
5. Rough work is to be done in the space provided in the Question Booklet only.
6. Use of white fluid or blade for correction on the Answer-Sheet is not permissible.
7. Use of Electronic calculator and Mobile, etc., is not permissible.
8. After completion of examination, you are allowed to take away your Question Booklet.
9. **There is no negative marking.**

SEAL

**DO NOT OPEN THE SEAL OF THE QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

# हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता / COMPREHENSION AND WRITING ABILITY IN HINDI

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **1** से **5**) : निम्नलिखित अवतरण पर आधारित पाँच प्रश्न दिए गए हैं। अवतरण को ध्यान से पढ़िए तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए चार विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए तथा निर्देशानुसार चिह्न लगाइए।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण परम आवश्यक है। जिस प्रकार वर्तमान में भौतिक निर्माण का कार्य अनेक योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति के साथ सम्पन्न हो रहा है, वैसे ही वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि देशवासियों के चरित्र निर्माण के लिए भी प्रयत्न किया जाए। उत्तम चरित्रवान व्यक्ति ही राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है। जनतंत्र के लिए तो यह एक महान कल्याणकारी योजना है। जन-समाज में राष्ट्र, संस्कृति, समाज एवं परिवार के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है इसका पूर्ण रूप से बोध कराना एवं राष्ट्र में व्याप्त समग्र भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण का निर्माण करना ही चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान है

पाश्चात्य शिक्षा और संस्कृति के प्रभाव से आज हमारे मस्तिष्क में भारतीयता के प्रति 'हीन भावना' उत्पन्न हो गई है। चरित्र निर्माण, जो कि बाल्यावस्था से ही ऋषिकुल, गुरुकुल, आचार्यकुल की शिक्षा के द्वारा प्राचीन समय से किया जाता था, आज की लॉर्ड मेकाले की शिक्षा पद्धति से संचालित स्कूलों एवं कॉलेजों के लिए एक हास्यास्पद विषय बन गया है। आज यदि कोई पुरातन संस्कारी विद्यार्थी संध्यावंदन या शिखा-सूत्र रख कर भारतीय संस्कृतिमय जीवन बिताता है, तो अन्य छात्र उसे 'बुद्धू' या अप्रगतिशील कहकर उसका मजाक उड़ाते हैं। आज हम अपने भारतीय आदर्शों का परित्याग करके पश्चिम के अंधानुकरण को ही प्रगति मान बैठे हैं। इसका घातक परिणाम चारित्र्य-दोष के रूप में आज देश में सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है।

**1.** चरित्र निर्माण की परम आवश्यकता है

(A) राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए

(B) राष्ट्र की योजनाओं के संचालन के लिए

(C) मानवमात्र के कल्याण के लिए

(D) समाजोपयोगी कार्यों के लिए

**2.** जनतंत्र के लिए लाभकारी हो सकते हैं

(A) धनवान व्यक्ति

(B) उत्तम चरित्रवान व्यक्ति

(C) शक्तिशाली सिपाही

(D) निष्ठावान श्रमिक

**3.** उन्नत राष्ट्र के लिए विकास का प्रथम सोपान है

(A) जनता में सांप्रदायिक सद्भाव

(B) राजनीति के कुशल दाँव-पेंच

(C) चरित्र निर्माण के लिए शैक्षिक वातावरण

(D) भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण

**4.** अप्रगतिशील रूप में मजाक उड़ाया जाता है, जो

(A) सत्संग में अधिक समय नहीं बिताता

(B) [illegible]र्मिक वातावरण में जीवन बिताता है

(C) भारतीय संस्कृतिमय जीवन बिताता है

(D) पाश्चात्य संस्कृति को हृदय से अपनाता है

**5.** भारतीयता के प्रति हीन भावना का कारण है

(A) लॉर्ड मेकाले की शिक्षा पद्धति

(B) प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति

(C) वर्तमान वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति

(D) पुरातन संस्कारी संस्कृतिमय जीवन

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **6** से **10**) : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन वाक्यांश दिए गए हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनिए और उसके अनुरूप (A), (B), (C) पर चिह्न लगाइए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (D) पर चिह्न लगाइए।

**6.** (A) 'रामचरितमानस' भक्तिकाल

(B) की सबसे श्रेष्ठतम

(C) रचना मानी जाती है।

(D) कोई त्रुटि नहीं

7. (A) ठंड के दिनों में
   (B) प्रातःकाल के समय
   (C) सर्दी काफी बढ़ जाती है।
   (D) कोई त्रुटि नहीं

8. (A) जब मोहन सभा स्थल
   (B) पर पहुँचा तब सभा
   (C) विसर्जन हो चुकी थी।
   (D) कोई त्रुटि नहीं

9. (A) मैं जिस बस से
   (B) जा रहा था वह
   (C) बहुत भरी हुई थी।
   (D) कोई त्रुटि नहीं

10. (A) उसने लिखा था कि
   (B) उसकी दुकान पर शुद्ध गाय
   (C) का घी मिलता है।
   (D) कोई त्रुटि नहीं

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **11** से **15**) : निम्नलिखित प्रत्येक कहावत के लिए चार-चार समानार्थक वाक्यांश दिए गए हैं। उनमें से सही उत्तर के रूप में विकल्प का चयन कीजिए और उत्तर-पत्र पर चिह्न लगाइए।

11. पत्थर को जोंक नहीं लगती
   (A) मजबूत चीज आसानी से खराब नहीं होती
   (B) दो धूर्तों में प्रायः टकराव नहीं होता
   (C) हठी पर कोई प्रभाव नहीं होता
   (D) सबल का शोषण नहीं होता

12. विहंगम दृष्टि
   (A) तीखी नज़र
   (B) मंद नज़र
   (C) सरसरी नज़र
   (D) गहरी नज़र

13. काटो तो खून नहीं
   (A) बिल्कुल निर्जीव हो जाना
   (B) भय के कारण स्तब्ध हो जाना
   (C) गुस्सा शांत हो जाना
   (D) पीड़ा शांत हो जाना

14. एक आँख न भाना
   (A) [illegible]क होना
   (B) तटस्थ होना
   (C) बिल्कुल अच्छा न लगना
   (D) उपेक्षा करना

15. उँगली उठाना
   (A) अपना महत्त्व व्यक्त करना
   (B) दोष की ओर संकेत करना
   (C) अस्वीकार करना
   (D) क्षमा माँगना

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **16** से **20**) : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।

16. 1. समय को परखने वाला
   (य) और समय की
   (र) रंक से धनाढ्य
   (ल) करोड़पति से भिखारी
   (व) उपेक्षा करने वाला
   6. हो जाता है।

   (A) ल य र व  (B) र य व ल
   (C) ल र य व  (D) र ल य व

17. 1. भारतीय गाँवों के
(य) अभी भारत सरकार को
(र) सुधार के लिए
(ल) और राज्य सरकारों को
(व) बहुत प्रयत्न
6. करना होगा।
(A) र य ल व (B) र य व ल
(C) ल य र व (D) ल र य व

18. 1. समाचार-पत्रों में
(य) प्रकाशित विज्ञापनों
(र) आवश्यक तथा उत्तमोत्तम
(ल) पदार्थों से
(व) द्वारा लोग उपयोगी,
6. परिचित होते हैं।
(A) र ल य व (B) य र ल व
(C) य व र ल (D) र य व ल

19. 1. प्राचीन काल में
(य) अनेक पुस्तकें उपलब्ध कराना
(र) जिससे एक व्यक्ति
(ल) पुस्तकें हस्तलिखित होती थीं,
(व) के लिए विविध विषयों पर
6. बड़ा कठिन था।
(A) ल र व य (B) य व ल र
(C) ल व र य (D) य र ल व

20. 1. भारत जैसे
(य) देशों के लिए
(र) कुटीर उद्योग
(ल) अधिक जनसंख्या वाले
(व) अत्यन्त उपयोगी सिद्ध
6. हो सकता है।
(A) र व य ल (B) ल र य व
(C) य र व ल (D) ल य र व

21. हिन्दी आकृति की दृष्टि से निम्नलिखित में से किस प्रकार की भाषा है?
(A) अयोगात्मक
(B) श्लिष्ट योगात्मक
(C) अश्लिष्ट योगात्मक
(D) प्रश्लिष्ट योगात्मक

22. भाषा-विज्ञान की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार का स्वर है?
(A) अग्र संवृत
(B) अग्र विवृत
(C) पश्च संवृत
(D) पश्च विवृत

23. छत्तीसगढ़ी किस भाषा की बोली है?
(A) राजस्थानी
(B) बिहारी
(C) पूर्वी हिन्दी
(D) पश्चिमी हिन्दी

24. कौन-सा प्रत्यय हिन्दी भाषा में बहुवचन के रूप में जाना जाता है?
(A) ए
(B) ए
(C) आँ
(D) ओं

25. 'उत्कर्ष एक कुशाग्र विद्यार्थी है'—यहाँ कुशाग्र कौन-सा विशेषण है?
(A) सार्वनामिक
(B) संख्यावाचक
(C) गुणवाचक
(D) परिमाणबोधक

26. इनमें से कौन भक्तिकालीन कवि नहीं है?
(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) तुलसीदास
(D) बिहारी

27. हिन्दी भाषा की कितनी विख्यात बोलियाँ हैं?

(A) दस (B) आठ

(C) पाँच (D) चार

28. हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ कौन-सा है?

(A) रामलला नहछू (B) पृथ्वीराज रासो

(C) आल्हा उदल (D) सतसई

29. निम्नलिखित में से कौन-सा हिन्दी साहित्य का काल-विभाजन नहीं है?

(A) भक्तिकाल (B) रीतिकाल

(C) संयुक्त काल (D) आधुनिक काल

30. क्रियापरक व्याकरणिक कोटि चिह्नित कीजिए।

(A) लिंग (B) वचन

(C) पक्ष (D) कारक

31. 'चूड़ी अच्छी थी' में 'थी' कौन-सी क्रिया है?

(A) अधिकारद्योतक क्रिया

(B) औचित्यबोधक क्रिया

(C) अप्रत्यक्ष क्रिया

(D) योजक क्रिया

32. मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया-धातुएँ क्या कहलाती हैं?

(A) द्विकर्मक धातु

(B) साधित सकर्मक धातु

(C) समस्त धातु

(D) संयुक्त धातु

33. "सारंग लै सारंग चली कई सारंग की ओट
सारंग झीनो पाइकें सारंग कई गई चोट।"

उक्त पद्य में कौन-सा अलंकार विद्यमान है?

(A) श्लेष अलंकार

(B) यमक अलंकार

(C) रूपक अलंकार

(D) उत्प्रेक्षा अलंकार

34. निम्नलिखित में से कौन-सा छंद-प्रकार नहीं है?

(A) चौपाई (B) दोहा

(C) सोरठा (D) दृष्टान्त

35. जुगुप्सा का स्थाई भाव किस रस से सम्बन्धित है?

(A) रौद्र रस (B) बीभत्स रस

(C) अद्‌भुत रस (D) करुण रस

36. दीर्घ सन्धि, गुण सन्धि, वृद्धि सन्धि, यण् सन्धि व अयादि सन्धि—सन्धि के किस मूल भेद के अन्तर्गत सन्निहित हैं?

(A) विसर्ग सन्धि (B) व्यंजन सन्धि

(C) स्वर सन्धि (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्रश्न संख्या 37 और 38) : उपयुक्त समास चिह्नित कीजिए।

37. पथभ्रष्ट

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव

38. अष्टाध्यायी

(A) द्विगु (B) कर्मधारय

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

39. सुमित्रानन्दन पंत को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

(A) लोकायतन

(B) युगवाणी

(C) चिदाम्बरा

(D) स्वर्णधूलि

40. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

(A) पैशाची

(B) मागधी

(C) अर्द्ध-मागधी

(D) शौरसेनी

## भाग–2

## सामान्य बुद्धि परीक्षण

**41.** नीचे अक्षरों की एक शृंखला दी गई है, जो कुछ निश्चित क्रम में है। इस क्रम का निर्धारण कीजिए और विकल्पों में से शृंखला के अगले दो अक्षरों का चयन कीजिए :

ZAXDVGTJRMP

(A) PS
(B) PN
(C) NS
(D) PR

**42.** नीचे दी गई शृंखला में कौन-सी संख्या गलत है?

3, 13, 31, 58, 91, 111

(A) 58
(B) 31
(C) 91
(D) 111

**43.** एक व्यक्ति 4 कि० मी० लम्बी सुरंग में एक रेलगाड़ी को घुसते हुए देखता है। यदि रेलगाड़ी की लम्बाई सुरंग की लम्बाई का आठवाँ भाग हो और वह 6 मिनट में सुरंग से बाहर निकल गया हो, तो उसकी रफ्तार कितनी है?

(A) 40 कि० मी०/घं०
(B) 45 कि० मी०/घं०
(C) 50 कि० मी०/घं०
(D) 48 कि० मी०/घं०

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **44** से **46**) : एक शब्द के बाद चार अन्य शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक शब्द का दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके गठन नहीं किया जा सकता है। चार विकल्पों में से वह शब्द ज्ञात कीजिए।

**44.** ENTERTAINING

(A) INERTIA
(B) TANNING
(C) TREATING
(D) TERTIARY

**45.** PERSEVERANCE

(A) PRESERVE
(B) SEVERE
(C) SERENE
(D) ENERVATE

**46.** SUPERINTENDENT

(A) PERTINENT
(B) TEENER
(C) RETENTION
(D) DENTIST

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **47** और **48**) : यदि '–' है गुणन, '+' है विभाजन, '·' है घटाव तथा '÷' है जोड़ना, तो सही समीकरण ज्ञात कीजिए।

**47.** (A) $9 + 3 - 1 \div 9 = 10$
(B) $15 \cdot 2 - 3 + 3 = 39$
(C) $9 - 7 + 7 + 7 = 64$
(D) $5 + 8 - 3 \cdot 3 = 36$

**48.** (A) $15 - 7 \cdot 5 + 20 = 104$
(B) $25 + 7 \cdot 2 - 5 = 22$
(C) $10 + 5 \cdot 2 + 13 = 15$
(D) $17 \cdot 1 - 4 + 8 = 29$

## Part–2

# GENERAL INTELLIGENCE TEST

**41.** Given below is a series of letters which follows some definite order. Determine this order and choose the next two letters for the series out of the responses :

ZAXDVGTJRMP

(A) PS
(B) PN
(C) NS
(D) PR

**42.** Which number is wrong in the given series?

3, 13, 31, 58, 91, 111

(A) 58
(B) 31
(C) 91
(D) 111

**43.** A person sees a train getting into a tunnel which is 4 km long. If the length of the train is one-eighth of the tunnel and it gets out of the tunnel in 6 minutes, then what is the speed of the train?

(A) 40 km/hr
(B) 45 km/hr
(C) 50 km/hr
(D) 48 km/hr

***Direction*** (Q. Nos. **44** to **46**) : A word has been given followed by four other words, one of which cannot be formed by using the letters of the given word. Find out the word from the four options.

**44.** ENTERTAINING

(A) INERTIA
(B) TANNING
(C) TREATING
(D) TERTIARY

**45.** PERSEVERANCE

(A) PRESERVE
(B) SEVERE
(C) SERENE
(D) ENERVATE

**46.** SUPERINTENDENT

(A) PERTINENT
(B) TEENER
(C) RETENTION
(D) DENTIST

***Direction*** (Q. Nos. **47** and **48**) : If '–' stands for multiplication, '+' stands for division, '.' stands for subtraction and '+' stands for addition, then find out the correct equation.

**47.** (A) $9 + 3 - 1 + 9 = 10$

(B) $15 \cdot 2 - 3 + 3 = 39$

(C) $9 - 7 + 7 + 7 = 64$

(D) $5 + 8 - 3 \cdot 3 = 36$

**48.** (A) $15 - 7 \cdot 5 + 20 = 104$

(B) $25 + 7 \cdot 2 - 5 = 22$

(C) $10 + 5 \cdot 2 + 13 = 15$

(D) $17 \cdot 1 - 4 + 8 = 29$



25 + 7 − 2 × 5
32 − 20 = 22

49. हनीफ़ को इच्छा होती है कि वह अपने दोस्त जोसेफ़ की घर का पता लगाए, जिसका घर उसके घर से 20 कि० मी० पूर्व की ओर है। हनीफ़ अपने घर से उत्तर की ओर 5 कि० मी० चल पड़ता है और दाहिना मोड़ लेते हुए और 11 कि० मी० चलता है। फिर वह दाहिना मोड़ लेता है और 9 कि० मी० चलता है। फिर वह बायाँ मोड़ लेता है और 9 कि० मी० चलता है। उस जगह पर आकर वह जोसेफ़ को ढूँढ़ने में मुश्किल में पड़ जाता है और रुक जाता है। वहाँ से कितनी दूरी और किस दिशा में हनीफ़ को चलना चाहिए ताकि वह जोसेफ़ का घर पता कर सके?


(A) उसे दाईं ओर मुड़कर 4 कि० मी० चलना चाहिए

(B) उसे बाईं ओर मुड़कर 4 कि० मी० चलना चाहिए

(C) उसे सीधा 9 कि० मी० चलना चाहिए

(D) उसे बाईं ओर मुड़कर 9 कि० मी० चलना चाहिए

50. यदि $A$ गणित के लिए चुने छात्रों की संख्या का $B$ जीवविज्ञान की संख्या का तथा $C$ भौतिक-विज्ञान की संख्या का प्रतिनिधित्व करता है, तो कितने छात्रों ने दोनों भौतिक-विज्ञान और जीवविज्ञान को चुना है (वृत्त के अन्दर का आँकड़ा छात्रों की संख्या को निरूपित करता है)?




(A) 10

(B) 26

(C) 32

(D) 38

51. यदि किसी महीने का 10वाँ दिन शनिवार होता है, तो उस महीने का 27वाँ दिन होगा

(A) सोमवार

(B) शनिवार

(C) मंगलवार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. $A$, $B$ का पिता है। $B$, $C$ का भाई है। $D$, $A$ की माँ है। $C$ का $D$ से क्या सम्बन्ध है?

(A) माँ

(B) दादी

(C) बहन

(D) पुत्री

53. दो भाइयों की आयु के बीच का अंतर उनके पिता और माता की आयु के बीच के अंतर के समान है। बड़े भाई की उम्र 15 साल है। छोटा भाई के जन्म लेने के समय उनकी माँ की उम्र 37 साल थी। यदि पिता, माता से 5 साल बड़ा हो, तो बड़े बेटे के जन्म के समय उनकी उम्र क्या थी?

(A) 25 साल

(B) 32 साल

(C) 57 साल

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. आम के पेड़ और नारियल के पेड़ की ऊँचाई एकसमान है। केले का पेड़, ताड़ के पेड़ से छोटा है। अमरूद का पेड़ केले के पेड़ से छोटा है पर आम के पेड़ से ऊँचा है। कौन-सा पेड़ सबसे ऊँचा है?

(A) आम

(B) केला

(C) नारियल

(D) ताड़

49. Hanif wishes to locate his friend Joseph whose house is situated 20 km eastward from his house. Hanif starts his journey travelling 5 km northward, turns rightward to travel 11 km. Again he takes a right turn to travel 9 km. Then he takes a left turn and again travels for 9 km. At this point, he finds it difficult to locate Joseph and makes a halt. How much distance should Hanif travel and in which direction to be able to locate Joseph's house?


(A) Turn right and travel 4 km

(B) Turn left and travel 4 km

(C) Move straight and travel 9 km

(D) Turn left and travel 9 km

50. If *A* represents the number of students opting for Maths, *B* for Biology and *C* for Physics, then how many students opt for both Physics and Biology (the figures inside the circles denote the number of students)?




(A) 10

(B) 26

(C) 32

(D) 38

51. If there is Saturday on the 10th day of a month, then what will be the day on 27th of that month?

(A) Monday

(B) Saturday

(C) Tuesday

(D) None of the above

52. *A* is *B*'s father. *B* is *C*'s brother. *D* is the mother of *A*. How is *C* related to *D*?

(A) Mother

(B) Grandmother

(C) Sister

(D) Daughter

53. The difference between the ages of two brothers is the same as that of their father and mother. The elder brother is 15 years of age. At the time of the birth of younger brother, their mother's age was 37. If the father is older than mother by 5 years, then what was his age at the time of the elder son's birth?

(A) 25 years

(B) 32 years

(C) 57 years

(D) None of the above

54. The height of mango tree and coconut tree is the same. Banana tree is shorter than palm. Guava tree is smaller than banana but bigger than mango. Which is the tallest tree?

(A) Mango


(B) Banana

(C) Coconut

(D) Palm

निर्देश (प्रश्न संख्या 55 से 57) : लुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए।

55.




(A) 15

(B) 12

(C) 9

(D) 18

56.





(A) 5

(B) 7

(C) 9

(D) 3

57.




(A) 594

(B) 459

(C) 945

(D) 549

58. जो जोड़ी अलग है, उसकी पहचान कीजिए।

(A) फायदा : लाभ

(B) नामे : श्रेय

(C) आमदनी : व्यय

(D) सम्पत्ति : देनदारियाँ

59. किसी कोड में यदि DECEMBER को ERMBCEDE लिखा जाता हो, तो उसी कोड में NOVEMBER को लिखा जा सकता है

(A) ERBMVENO

(B) REMBVENO

(C) ERMBVENO

(D) EMRBVENO

60. एक लड़के को किसी संख्या को $\frac{7}{8}$ से गुणा करने के लिए कहा गया था। उसने संख्या को $\frac{17}{8}$ से गुणा किया और उसे सही उत्तर से 30 ज्यादा प्राप्त हुआ। वह संख्या थी

(A) 3


(B) 8

(C) 21

(D) 24

***Direction*** **(Q. Nos. 55 to 57) : Insert the missing number.**

**55.**





(A) 15

(B) 12

(C) 9

(D) 18

**56.**





(A) 5

(B) 7

(C) 9

(D) 3

**57.**




(A) 594

(B) 459

(C) 945

(D) 549

**58.** Identify the pair which is different.

(A) Profit : Gain

(B) Debit : Credit

(C) Income : Expenditure

(D) Assets : Liabilities

**59.** If in a code DECEMBER is written as ERMBCEDE, then how can NOVEMBER be written in that code?

(A) ERBMVENO

(B) REMBVENO

(C) ERMBVENO

(D) EMRBVENO

**60.** A boy was asked to multiply a number by $\frac{7}{8}$. He multiplied the number by $\frac{17}{8}$ and got the result 30 more than the correct answer. The number was

(A) 3

(B) 8

(C) 21

(D) 24

## भाग–3

## सामान्य जानकारी

**61.** अधिवर्ष (लीप इयर) का जनक इनमें से किसे माना जाता है?

(A) जुलियस सीज़र

(B) नक्षत्रवेत्ता सोसीजेंस

(C) पोप ग्रेगोरी XIII

(D) इनमें से कोई नहीं

**62.** 'ग्लैसियर एक्सप्रेस' निम्नलिखित में से किस देश की प्रसिद्ध रेलगाड़ी है?

(A) नॉर्वे

(B) भारत

(C) स्वीट्ज़रलैण्ड

(D) अमरीका

**63.** 'बिनसर का जंगल' भारत के किस प्रदेश/केन्द्रशासित क्षेत्र में अवस्थित है?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) लक्षद्वीप

(C) उत्तराखण्ड

(D) मध्य प्रदेश

**64.** 25वें व्यास सम्मान से किसे सम्मानित किया गया था?

(A) डॉ० अशोक वाजपेयी

(B) डॉ० सुनीता जैन

(C) डॉ० पुष्पेश पंत

(D) श्रीमती मृणाल पाण्डे

**65.** निम्नलिखित में से मौर्य कला का सर्वोत्तम प्रतिमान कौन-सा है?

(A) स्तूप

(B) चैत्य

(C) बारादरी

(D) स्तम्भ

**66.** नेपाल के राष्ट्रगान के रचयिता कौन हैं?

(A) शांता सिन्हा

(B) पी० के० राय

(C) जोहरा सहगल

(D) सुरेन्द्र मोहन

**67.** "राजनैतिक प्रजातंत्र का तात्पर्य उस जीवन विधा से है जो जीवन में सैद्धान्तिक रूप से उदारता, समानता और भ्रातृत्व को स्वीकारती है।" यह किसका कथन है?

(A) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(B) डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(C) डॉ० राममनोहर लोहिया

(D) डॉ० बी० आर० अम्बेदकर

**68.** मानसिक 'विक्षिप्ति' भारतीय दण्ड संहिता के किस धारा में सन्निहित है?

(A) धारा 83

(B) धारा 84

(C) धारा 86

(D) धारा 88

**69.** आर्थिक आसूचना परिषद् (ई० आइ० सी०) का अध्यक्ष कौन है?

(A) वित्त मंत्री

(B) प्रधान मंत्री

(C) आर० बी० आइ० के गवर्नर

(D) वित्त सचिव

**70.** आंग्ल समाज में हत्या कब तक अपराध नहीं मानी जाती थी?

(A) 10वीं शताब्दी

(B) 11वीं शताब्दी

(C) 12वीं शताब्दी

(D) 14वीं शताब्दी

## Part–3

## GENERAL AWARENESS

**61.** Who among the following is considered the Father of the Leap Year?

(A) Julius Caesar

(B) Astronomer Sosigenes

(C) Pope Gregory XIII

(D) None of them

**62.** 'Glacier Express' is a popular train of which of the following countries?

(A) Norway

(B) India

(C) Switzerland

(D) USA

**63.** 'Binsar Forest' is located in which Indian State/Union Territory?

(A) Himachal Pradesh

(B) Lakshadweep

(C) Uttarakhand

(D) Madhya Pradesh

**64.** 25th Vyas Samman was awarded

(A) Dr. Ashok Vajpayee

(B) Dr. Sunita Jain

(C) Dr. Pushpesh Pant

(D) Smt. Mrinal Pande

**65.** Which of the following is considered to be the best specimen of the Mauryan Art?

(A) Stupa

(B) Chaitya

(C) Baradari

(D) Pillar

**66.** Who among the following has composed the National Anthem of Nepal?

(A) Shanta Sinha

(B) P. K. Rai

(C) Zohra Sehgal

(D) Surendra Mohan

**67.** Who said, "Political democracy means a way of life which recognises liberty, equality and fraternity as the principle of life"?

(A) Dr. Rajendra Prasad

(B) Dr. Sarvepalli Radhakrishnan

(C) Dr. Ram Manohar Lohia

(D) Dr. B. R. Ambedkar

**68.** 'Insanity' is explained in the Indian Penal Code under

(A) Section 83

(B) Section 84

(C) Section 86

**69.** Who is the Chairperson of the Economic Intelligence Council (EIC)?

(A) The Finance Minister

(B) The Prime Minister

(C) The RBI Governor

(D) The Finance Secretary

**70.** In English Society, murder was not a crime till

(A) 10th Century

(B) 11th Century

(C) 12th Century

(D) 14th Century

71. 'घूमर' लोकनृत्य है

(A) राजस्थान का

(B) मध्य प्रदेश का

(C) छत्तीसगढ़ का

(D) बिहार का

72. "आदमी का लालच अपराध का प्रभावी कारण है।" यह किसका कथन है?

(A) अरस्तू

(B) प्लेटो

(C) इमाइल दुर्खीम

(D) महात्मा गांधी

73. ताज महल को किसके प्रभाव का खतरा है?

(A) $HNO_3$

(B) $I_2$

(C) Pb

(D) $SO_2$

74. निम्नलिखित में से कौन-सा अशोक के साम्राज्याधीन नहीं था?

(A) गुर्जर

(B) कर्नाटक

(C) कामरूप

(D) कश्मीर

75. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन की सर्वप्रथम किस मुसलमान ने अध्यक्षता की?

(A) सर सैय्यद अली खान

(B) मौलाना आज़ाद

(C) बदरुद्दीन तायबजी

(D) लियाकत अली खान

76. सांसद निधि की वर्तमान राशि कितनी है?

(A) एक करोड़ रुपये

(B) दो करोड़ रुपये

(C) तीन करोड़ रुपये

(D) पाँच करोड़ रुपये

77. डॉटर ऑफ द ईस्ट नामक प्रसिद्ध पुस्तक की लेखिका कौन हैं?

(A) अनिता देसाई

(B) अरुंधती राय

(C) मेधा पाटकर

(D) बेनज़ीर भुट्टो

78. भारत में सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज कहाँ खुला था?

(A) मद्रास (चेन्नई)

(B) वाराणसी

(C) कलकत्ता (कोलकाता)

(D) लखनऊ

79. आत्महत्या की दर भारत में सर्वाधिक किस राज्य में है?

(A) आंध्रप्रदेश

(B) ओडिशा

(C) महाराष्ट्र

(D) सिक्किम

80. इनमें से किन्हें वर्ष 2015 का 'बी० सी० सी० आइ० क्रिकेटर' के लिए मनोनीत किया गया है?

(A) रोहित शर्मा

(B) रविचन्द्रन अश्विन

(C) विराट कोहली

(D) एम० एस० धोनी

71. 'Ghumar' is the folk dance of

(A) Rajasthan

(B) Madhya Pradesh

(C) Chhattisgarh

(D) Bihar

72. Who said, "Human greed is a potential cause of crime"?

(A) Aristotle

(B) Plato

(C) Emile Durkheim

(D) Mahatma Gandhi

73. Taj Mahal is threatened due to the effect of

(A) $HNO_3$

(B) $I_2$

(C) Pb

(D) $SO_2$

74. Which of the following was not a part of the Ashokan Empire?

(A) Gurjara

(B) Karnataka

(C) Kamrup

(D) Kashmir

75. Who was the first Muslim to preside over the Session of the Indian National Congress?

(A) Sir Sayyid Ali Khan

(B) Maulana Azad

(C) Badruddin Tyabji

(D) Liaquat Ali Khan

76. The sum of the Member of Parliament Fund at present is

(A) ₹ 1 crore

(B) ₹ 2 crores

(C) ₹ 3 crores

(D) ₹ 5 crores

77. Who wrote the famous book, *Daughter of the East*?

(A) Anita Desai

(B) Arundhati Roy

(C) Medha Patkar

(D) Benazir Bhutto

78. Where in India was the first medical college started?

(A) Madras (Chennai)

(B) Varanasi

(C) Calcutta (Kolkata)

(D) Lucknow

79. The highest suicide rate in India is in the State of

(A) Andhra Pradesh

(B) Odisha

(C) Maharashtra

(D) Sikkim

80. Who among the following has been named 'BCCI Cricketer' of the year 2015?

(A) Rohit Sharma

(B) Ravichandran Ashwin

(C) Virat Kohli

(D) M. S. Dhoni